हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 14 अक्टूबर 2026

[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

4

जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में सुशासन जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक



ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

खबर संक्षेप

घायलों की मदद करने वालों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

जशपुरनगर। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले नेक नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में परिवहन आयुक्त कार्यालय, छत्तीसगढ़ की ओर सो सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। योजना के तहत पात्र राहवीरों को नियमानुसार 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित अधिकारियों को योजना के तहत प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण कर पात्र राहवीरों को प्रोत्साहन राशि दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण कर निर्धारित प्रारूप में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएगी।

मजदूर ने की ग्रामीण से मारपीट, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम लुरगी निवासी रामचंद्र आ. कविलास राम (38 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव के ही संतलाल को काम करने के एवज में एडवांस रूपए दिया था। गत दिन उसके घर काम करने के लिए बुलाने गया तो संतलाल ने काम करने से मना कर दिया जब रामचंद्र ने दिए गए एडवांस राशि की मांग की तो संतलाल ने राशि वापस करने से इंकार करते हुए गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया।

लगातार झटका करंट लगने से हुई थी बालक की मौत

अम्बिकापुर। मवेशी चराते समय झटका करंट लगने से बालक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर मक्का बाड़ी में झटका करंट लगाने वाले किसान के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पीएम रिपोर्ट में लगातार झटका करंट लगने से ग्रामीण की मौत होने की पुष्टि हुई। पुलिस के मुताबिक सामरी थाना अंतर्गत ग्राम सबाग अर्ख्ईनकोना निवासी निर्मल कोरवा आ. स्व. लालवेश्न कोरवा (14 वर्ष) 27 जुलाई को गांव के ही दसवा कोरवा के मक्का बाड़ी के पास मवेशी चला रहा था। इसी दौरान दसवा कोरवा द्वारा मक्का बाड़ी को जानवरों से बचाने के लिए सोलर पैनल सौर ऊर्जा के माध्यम से इनवाइटर में जोकर मक्का बाड़ी के चारों ओर लगाए गए झटका करंट की चपेट में आ गया जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर मवेशी घर आ गए लेकिन जब बालक वापस नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन करना शुरू कर दिया। इसी बीच बालक दसवा कोरवा के मक्का बाड़ी के समीप मृत हालत में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू की।

दल से भटके हाथी ने बनाया 17 वर्षीय किशोर को निशाना

खदेड़ने के दौरान हाथी ने कुचला बालक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सीमावर्ती जिले रायगढ़ से भटककर आए एक दंतैल हाथी के हमले ने एक हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया।

- गांव सहित पूरे क्षेत्र में पसरा मातम

तपकरा वन परिक्षेत्र में आने वाले माटीहेजा गांव में कल शाम हाथी को भगाने के प्रयास में 17 वर्षीय विनय केरकेट्टा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। किशोर की असामयिक मौत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



हाथी अपने दल से बिछड़कर इस इलाके में पहुंचा

प्राप्त जानकारी के अनुसार सागजोर जंगल के पास माटीहेजा के कुछ ग्रामीण अपने चार पालतू कुत्तों को साथ लेकर हाथी को भगाने के इरादे से जंगल की ओर बढ़े थे। इसी दौरान बिफरे हाथी ने अचानक पलटकर हमला बोल दिया और ग्रामीणों को दौड़ा लिया। बाकी लोग किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहे, लेकिन 17 वर्षीय विनय हाथी की चपेट में आ गया। हाथी ने उसे बेरहमी से कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। वनकर्मी बसंत टोप्पो के अनुसार, यह हाथी अपने दल से बिछड़कर इस इलाके में पहुंचा है और वर्तमान में तुमला थाना क्षेत्र के सतपुरिया जंगल में विचरण कर रहा है।

वन विभाग की आम जनता से अपील

वन विभाग ने इस दुखद हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से एक बार फिर अपील की है कि वे अपनी जान जोखिम में न डालें। उन्होंने अपील की है कि हाथी के करीब न जाएं व दल से भटके या आक्रामक हाथी को खुद खदेड़ने की कोशिश कभी न करें। साथ ही अपील की गई है कि शोर मचाकर या पत्थर फेंककर या पालतू जानवरों को आगे ने करें। हाथी को भड़काना जानलेवा साबित हो सकता है। हाथी की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही तुरंत वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को सूचित करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।



समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना अभियान का उद्देश्यः प्रबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में बगीचा विकासखंड के ग्राम में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय घर वापसी अभियान के प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव उपस्थित रहे।

- ग्राम कुडमुरा में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम
- अजा-अजजा परिवारों से आत्मीय संवाद, बुजुर्गों व गर्भवतियों का सम्मान

इस अवसर पर श्री जूदेव ने ग्रामीणों एवं विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवारों, जिनमें कोरवा जनजाति के परिवार भी शामिल रहे, के साथ आत्मीय भेंट-मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं पर संवाद किया। आंगनबाड़ी सहायिका के आंगन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों से सीधे जुड़ना और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करना रहा।कार्यक्रम के दौरान गांव के बुजुर्गों एवं गर्भवती माताओं का सम्मान कर उनके प्रति आदर, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया।

पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ पहुंचाने आवश्यक सहयोग का भरोसा-कार्यक्रम के दौरान बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित विषयों पर आंगनबाड़ी सहायिका से चर्चा की गई। साथ ही, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया गया।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता संजय कुमार यादव उपसरपंच, अरविंद गुप्ता उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत, रश्मि चौहान मंडल उपाध्यक्ष, गोपाल ग्राम प्रमुख, महावीर यादव शक्ति केंद्र प्रभारी, करुणा यादव कीर्तन मंडली, मोहन दीवान अध्यक्ष, कोरवा समाज, युधिष्ठिर यादव मंडल उपाध्यक्ष युवा समिति,कमलेश शर्मा संयोजक,सुशील विश्वाल, दीपक चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी, चंद्रशेखर दास, जगबंधु यादव, टकेश्वर यादव, बीरकुमार चौहान, अर्जुन यादव, कुंवर यादव, लक्ष्मण यादव, परेश्वर यादव एवं ललित यादव।

सेवा, समर्पण और आत्मीय संवाद जनसेवा का महत्वपूर्ण आधार

प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने सेवा, समर्पण और आत्मीय संवाद को जनसेवा का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, उसकी समस्याओं को समझना और उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयास करना ही सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए गांव-गांव में जनभागीदारी, सेवा और विकास की भावना को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर जनसामान्य से निरंतर संपर्क बनाए रखें तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सदैव महिलाओं, बुजुर्गों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवारों के सम्मान, सुरक्षा, कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

पत्थलगांव खंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

खंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार 13 अक्टूबर से हुई।

- जपं अध्यक्ष परहा बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मां सरस्वती की पूजा कर राष्ट्रीयगान के साथ हाई स्कूल खेल मैदान में ओलम्पिक खेल का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि धनियारो परहा ने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने को कहा व उनका हौसला बढ़ाया। गौरतलब है कि, विकासखंड से लगभग 200 प्रतिभागियों ने ओलंपिक खेल में हिस्सा लिया एवं अलग-अलग वर्गों के खेल में खिलाड़ियों ने वाहवाही बटोरी। छोटे से लेकर बड़े सभी ने 100 मीटर से लेकर 400 मीटर के दौड़ में अपना दम दिखाया। धनियारो परहा ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि, खेल ही खिलाड़ियों को बड़ा बनाता है। सभी खेलों के बेहतरीन खिलाड़ी आगे आएंगे व उन्हें आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। जनपद पंचायत के सीईओ संजय चंद्रा ने कहा कि, शासन की मंसा अनुरूप सरगुजा ओलंपिक खेल के जरिए खिलाड़ियों के खेल प्रतिभा को निखारना उन्हें बड़े खेलो के लिए तैयार करना एवं ग्रामीण स्तर से खिलाड़ियों को आगे लाना है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन ने खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इन खेलों का आयोजन किया है। अब छोटे-छोटे गांव से सभी खेलो में खिलाड़ी बाहर आकर निखरेंगे, जिसमें ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों को ज्यादा मौके मिले सकेंगे। आयोजन का समापन बुधवार शाम को होगा।

ओलंपिक खेल आयोजन कार्यक्रम में कलम साय विश्वकर्मा बीडीसी पत्रकार जितेंद्र गुप्ता, जितेंद्र सोनी, श्याम चौहान, पीटीआई अनिल श्रीवास्तव, धनु यादव मुकेश यादव, घनश्याम, सिविल अस्पताल से ललित यादव सहित काफी संख्या में खिलाड़ी पीटीआई एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनसुरक्षा को लेकर वन विभाग सक्रिय

जशपुरनगर। जशपुर वनमंडल की ओर से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक स्तर पर सतर्कता और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी जशपुर ने 12 अक्टूबर को तपकरा परिक्षेत्र के सागजोर बीट में हाथियों की उपस्थिति की सूचना मिलते ही वन अमले ने तत्परता दिखाते हुए आसपास के गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को जंगल में प्रवेश नहीं करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश दी। वन विभाग की ओर से स्थिति पर निरंतर नजर रखने के लिए ड्रोन की सहायता से निगरानी की जा रही है और मैदानी अमले को अलर्ट पर रखा गया है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों की सूचना मिलने पर स्वयं हाथी को भगाने, घेरने या उसके निकट जाकर फोटो वीडियो बनाने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर रखने और नशे की स्थिति में जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की गई है।

लूथरन स्कूल में बाल अधिकार एवं सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

जशपुरनगर। जीवन झरना विकास संस्था, कांसाबेल के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायत कुसुमताल के अंतर्गत लूथरन हायर सेकेंडरी स्कूल, सरहापानी में स्कूल स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नेमहास खाखा, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों सहित कुल 157 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के कार्यों की जानकारी देने के साथ की गई। इसके बाद बच्चों की रुचि बढ़ाने और उन्हें सक्रिय रूप से जोड़ने के लिए तत्काल खेल गतिविधियां आयोजित की



गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों पर चर्चा की गई। साथ ही बच्चों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उनके चार प्रमुख अधिकारों जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार एवं सहभागिता का अधिकार की बैनर के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा बच्चों को गुड टच एवं बैड टच, मानव तस्करी तथा नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। उन्हें विभिन्न सच्ची घटनाओं के उदाहरण देकर सतर्क रहने और किसी भी परेशानी या शोषण की स्थिति में विश्वसनीय बड़ों से मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, संकट में फंसे बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर ⏭ शेष पेज 2 पर

6 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से बन रहा उच्चस्तरीय पुल

मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल, खर्रा नाला पुल निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा पर अमल करते हुए जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड में

- घूघरी-ढोढरअम्बा मार्ग पर पुल से ग्रामीणों को मिलेगी राहत
- तहसील मुख्यालय पहुंचने के लिए तय करनी होगी कम दूरी

घूघरी-ढोढरअम्बा मार्ग स्थित खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

इस पुल के निर्माण के लिए 6 करोड़ 26 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पुल बनकर तैयार होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और विशेषकर बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी।



बरसात में आवागमन की समस्या से हमेशा के लिए मिलेगी मुक्ति

खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। बारिश के मौसम में नाले में पानी बढ़ने से आवागमन प्रभावित होने की समस्या से लोगों को राहत मिल जाएगी। पुल के निर्माण से ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी। साथ ही, दैनिक आवागमन, आवश्यक कार्यों और अन्य जरूरतों के लिए आवाजाही अधिक सुगम हो सकेगी।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शुरू हुआ निर्माण

क्षेत्र के ग्रामीणों ने आवागमन की समस्या को देखते हुए खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष रखी थी। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने पुल निर्माण की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप 6 करोड़ 26 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

पुल का निर्माण पूरा होने से बगीचा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। बरसात के दिनों में आवागमन की बाधा कम होने से ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। यह पुल क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण साधन बनेगा और स्थानीय स्तर पर संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री साय के प्रति जताया आभार

खर्रा नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने और निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। पुल के पूर्ण होने से क्षेत्र में लंबे समय से महसूस की जा रही आवागमन की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

कलेक्टर रोहित व्यास ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर श्री व्यास ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



आज आयोजित जनदर्शन में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी मांगें एवं समस्याएं शामिल थीं। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

खबर संक्षेप



ग्राम पंचायत लहपटरा में पूजा- अर्चना के साथ की गई माँ दुर्गा की स्थापना, भक्तिमय हुआ माहौल

लहपटरा। ग्राम पंचायत लहपटरा में माँ दुर्गा के आगमन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। माँ दुर्गा के स्वागत के लिए गाँव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा है। माँ दुर्गा के आगमन से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति के साथ माता रानी का स्वागत कर कर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित किया। इस अवसर पर ग्रामीण मां दुर्गा से गांव की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आराधना से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं में माता रानी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

मां महामाया के भजन से निधि श्री ने की गायकी का आगाज

अम्बिकापुर। नवरात्र के अवसर पर शहर की युवा गायिका निधि श्री ने मां महामाया को समर्पित गीत से अपने संगीत सफर की शुरुआत की है। गीत जारी होने के पहले ही दिन इसे सामाजिक माध्यमों पर 8 से 9 हजार बार देखा गया। श्रोताओं से मिल रही सराहना से निधि और उनके परिवार में उत्साह है। निधि शहर के निजी महाविद्यालय में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उनके पिता अनिल विश्वकर्मा प्रयोगशाला तकनीशियन हैं। निधि को बचपन से ही गायन का शौक रहा है। उन्होंने बताया कि इस रुचि को आगे बढ़ाने में उनकी मां ने हमेशा प्रोत्साहित किया। पढ़ाई के साथ वह नियमित रियाज करती हैं और गायकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयासरत हैं। शहर के संगीत निर्देशक सौरभ और वैभव ने निधि को यह अवसर दिया। उन्होंने निधि को इंस्टाग्राम पर गाते हुए सुना था और उनकी आवाज पसंद आने के बाद मां महामाया के गीत के लिए चुना। गीत को नवरात्र के अवसर पर तैयार किया गया है। सौरभ और वैभव कई फिल्मों के संगीत पर काम कर रहे हैं। उनके संगीत को फिल्मफेयर पुरस्कारों के लिए नामांकित किए जाने की जानकारी भी दी गई है। संगीत निर्देशक वैभव ने बताया कि निधि की आवाज में आगे भी गीत रिकॉर्ड करने की योजना है और उन्हें फिल्मी संगीत में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। मां महामाया के गीत से मिली शुरुआती प्रतिक्रिया ने निधि के हौसले बढ़ाए हैं।



जिला चिकित्सालय की जीवनदीप समिति में विधायक समेत 8 नए सदस्य मनोनीत

सोनगरा। जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित जीवनदीप समिति में आठ नए सदस्यों का मनोनयन किया गया है। प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल के मार्गदर्शन में किए गए इस मनोनयन में प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, कृषकों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जीवनदीप समिति के नए सदस्यों के मनोनयन से जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार, मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद जताई जा रही है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि जीवनदीप समिति के माध्यम से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के विकास, मरीजों की सुविधाओं में सुधार और जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं। समिति अस्पताल की आवश्यकताओं, मरीजों की समस्याओं और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा कर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करती है। जीवनदीप समिति में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, समाजसेवी शशिकांत गर्ग, पूर्व सरपंच संत सिंह, अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, उन्नत कृषक राजेश्वर तिवारी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, उन्नत कृषक ठाकुर प्रसाद राजवाड़े और महिला नेत्री देवंती साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है।



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में स्कूल बसों की अव्यवस्था से अभिभावक नाराज

स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़, स्कूल बसों में बैठा रहे क्षमता से अधिक बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के रेहर, गायत्री एवं केतकी सह क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों के बच्चों के लिए एसईसीएल द्वारा संचालित स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा ध्यान ही नहीं दिया जा रहा। आलम यह स्कूली बस में न सिर्फ क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है बल्कि बच्चों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने और पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि बच्चों की संख्या में वृद्धि होने के बाद भी महज 35 सीटर बस का संचालन किया जा रहा है जिससे बस में जगह नहीं होने से कई बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो जाते है।

खास बात

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, प्रबंधन नहीं ले रहा सुध

रेहर, गायत्री एवं केतकी सह क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों के बच्चों के लिए एसईसीएल द्वारा स्कूली बच्चों की सुविधा के लिए 52 सीटर और 35 सीटर दो बसें संचालित हैं। बसों से प्रभावित क्षेत्र के बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई करने जाते है। अभिभावकों का आरोप है कि सुबह करीब 9.30 बजे अधिकतर 35 सीटर बस ही चलाई जाती है, जबकि इस समय बच्चों की संख्या अधिक और बड़े बच्चे रहते है। इससे बच्चों को बस में ठूंस कर ले जाने की स्थिति बनती है। आरोप है कि अनुबंध के अनुरूप दोनों बसों का नियमित संचालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में 35 सीटर बस में लगभग 50 से अधिक बच्चों को ठूंस कर ले जाया जाता है जिससे कई बच्चों को बस में खड़े खड़े ही स्कूल जाने को मजबूर है। बस में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने से न सिर्फ बच्चों को परेशानी होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में समय रहते बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त सीट वाली बस की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।अभिभावकों ने एसईसीएल प्रबंधन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि बसों के संचालन और क्षमता की नियमित जांच होती, तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। लगातार बढ़ती परेशानी से नाराज अभिभावक जल्द ही सब एरिया कार्यालय का घेराव करने की रणनीति बना रहे हैं। अब सवाल यह है कि एसईसीएल प्रबंधन बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बसों की व्यवस्था सुधारने के लिए कब ठोस कदम उठाएगा।



बस के बाहर खड़ी छात्राएं।

खतरों के बीच जाते है बच्चे

अभिभावकों कहना है कि सुबह के समय 35 सीटर बस का संचालन होता है जबकि बच्चों की संख्या अधिक होती है। इसके अलावा बस में परिचालक नहीं होने के कारण बच्चों को खतरा के बीच सफर करना पड़ता है। कई बार बच्चे चलती बस के दरवाजे पर लटकते दिखाई देते हैं। ऐसे में बच्चों के चलती बस से गिरने की संभावना बनी रहती है। अभिभावकों कहना है कि छोटे बच्चों को इस तरह सफर कराना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है।

व्यवस्था सुधारे की मांग

बस में सीट कम होने के कारण कई बच्चे स्कूल जाने से ही वंचित हो जाते। सोमवार को भी मानीचौक में बस में जगह नहीं होने से 14 बच्चे स्कूल जाने से वंचित हो गए जिससे बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ता है। यह समस्या लंबे समय से है और हर रोज कोई न कोई बच्चे साधन के अभाव में स्कूल जाने से वंचित हो जाते है। अभिभावकों का कहना है कि एसईसीएल कर्मचारियों के लिए बड़े बस की सुविधा है लेकिन स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए महज 35 सीटर बस संचालन किया जाता है। अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसे लेकर बस संचालन की व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की है।

निजी साधन से आते हैं घर

परेशानी के बीच बच्चे किसी तरह पढ़ाई करने के लिए बस से स्कूल जाते है। लेकिन बच्चों की परेशान तब और बढ़ जाती है जब स्कूल की छुट्टी होती है। स्कूल की छुट्टी के समय केवल एक बस बिश्रामपुर से लौटती है जबकि स्कूल ले जाने के समय दो बस ओवरलोड लेकर जाती है लेकिन वापसी में केवल एक बस के आने से बच्चे किसी निजी साधन घर लौटते है जिससे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जिला न्यायालय के पास झुका पेड़ लोगों के लिए बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला एवं सत्र न्यायालय के बाहर एक जर्जर झुका हुआ विशालकाय पेड़ लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है। कभी भी बड़ी दुर्घटना की वजह बन सकता है।

जिला न्यायालय परिसर के बाहर एक विशालकाय पेड़ पिछले बरसात में तेज आंधी पानी के दौरान टूटकर एक ओर खतरनाक तरीके से झुक गया है। उस दरम्यान इसी पेड़ का एक बड़ा भारी डाल भी टूटकर गिर गया था किन्तु आंधी पानी व शाम की वजह से कोई बड़ी अनहोनी नहीं हो पाई थी। किन्तु यह जर्जर विशालकाय पेड़ कभी भी किसी भी वक्त धराशाई हो सकता है। यह पेड़ लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। जिला न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट के बीच जहां यह पेड़ है वहां दर्जनों छोटे मोटे चाय नाश्ते व फोटो कॉपी की दुकान है। खासकर फेमस झकड़ी चाय की दुकान ठीक पेड़ के ही नीचे है जहां हर वक्त लोगों की बैठकी रहती है। ज्यादातर वकील इसी दुकान के पास मौजूद रहते है। ऐसे में यह पेड़ लोगों के लिए कभी भी मुसीबत खड़ी कर सकता है। कई लोग घायल हो सकते है। ऐसे में प्रशासन अथवा नगर निगम को तत्काल इस पेड़ को कटवाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। कई अधिवक्तागण व आम लोगों ने इस विषय में निगम के अधिकारियों को सूचना भी दिया किन्तु कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त पेड़ को तत्काल रूप से हटाने की व्यवस्था करें ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

22वीं रीजनल साइंस कांग्रेस में नवोदय की सृष्टि ठाकुर हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जवाहर नवोदय विद्यालय सरगुजा की छात्रा सृष्टि ठाकुर ने 22वीं रीजनल साइंस कांग्रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। जवाहर नवोदय विद्यालय, खुर्दा, ओडिशा में 6 से 10 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में सृष्टि ठाकुर ने साइंस सेमिनार में द्वितीय स्थान तथा क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस रीजनल साइंस कांग्रेस में चार क्लस्टर से आए कुल 58 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नवोदय विद्यालय समिति, भुवनेश्वर संभाग के डिप्टी कमिश्नर अभिजीत बेहरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न जवाहर नवोदय विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक समन्वयक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक संस्थानों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को आईआईटी भुवनेश्वर, आईएमएमटी भुवनेश्वर, रीजनल साइंस सेंटर भुवनेश्वर, इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स भुवनेश्वर, रीजनल म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री, पथानी सामंत प्लेनेटेरियम, एनआईएसईआर तथा स्टेट म्यूजियम ऑफ ओडिशा का भ्रमण कराया गया। पांच दिवसीय इस आयोजन में क्विज, साइंस सेमिनार एवं प्रदर्शनी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सृष्टि ठाकुर ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक समझ एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति कौशल का परिचय देते हुए साइंस सेमिनार में द्वितीय और क्विज में तृतीय स्थान हासिल किया।



ओपीएस ओलंपिक में खिलाड़ियों भारी उत्साह, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जारी

अम्बिकापुर। आपीएस में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव ओपीएस ओलंपिक पूरे उत्साह के साथ जारी है। खेल महोत्सव अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में आइंस्टीन हाउस, कलाम हाउस, टैगोर हाउस और शेक्सपियर हाउस के विद्यार्थी एक-दूसरे को कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हुए अपनी खेल प्रतिभा, शारीरिक दक्षता, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। खो-खो प्रतियोगिता के अंडर-10 बालिका वर्ग में कलाम हाउस और आइंस्टीन हाउस के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें आइंस्टीन हाउस ने 25-22 अंकों से जीत दर्ज की। डॉजबॉल प्रतियोगिता के अंडर-10 बालिका वर्ग में शेक्सपियर हाउस और आइंस्टीन हाउस के बीच हुए मुकाबले में शेक्सपियर हाउस ने 4-1 से शानदार जीत हासिल की। कलाम हाउस और टैगोर हाउस के बीच खेले गए मुकाबले में टैगोर हाउस ने 5-2 से विजय प्राप्त की। शेक्सपियर हाउस और टैगोर हाउस के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में शेक्सपियर हाउस ने 6-4 से जीत दर्ज कर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया। प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने बताया की यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सकारात्मक सोच और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देता है।

ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में पचिरा की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल महा मुकाबला में देशी ब्याज पचिरा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में विजेता का खिताब हासिल किया। स्पर्धा के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े उपस्थित थे।अन्य अतिथियों मे हरिश राजवाड़े, देवधन बिंझिया, शोभनाथ राजवाड़े, देवशरण सिंह, विनोद शाह, जयनगर सरपंच राधा बाई, धनेश्वरी सिंह, राजेन्द्र गवंटिया, राजनाथ सिंह उपस्थित रहे,फाइनल मुकाबले की शुरुआत अतिथियों द्वारा खिलाड़ीयों से परिचय उपरांत टॉस कराकर किया गया,फाइनल मुकाबला ब्याज क्लब कोरेया और देशी ब्याज पचिरा के मध्य खेला गया। दोनों ही टीम ने जीत के लिए जबरदस्त संघर्ष किया और अंत में देशी ब्याज पचिरा टीम ने 45 अंक प्राप्त कर विजेता का खिताब हासिल किया और ब्याज क्लब कोरेया टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित हुई,स्पर्धा में 32 टीमों ने हिस्सा लिया था,समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम करमा, बायर, सुगा व छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए,अंत में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए नगद व उपविजेता टीम को 7 हजार रुपए नगद व शिल्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया,साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले टीम को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुरेश सिंह, कृष्णपाल बिंझिया, किरणचंद सिंह, ब्रम्हदेव बिंझिया, मोहर साय, देवेन्द्र सोनवानी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



आयुष्मान कार्ड निर्माण में सूरजपुर ने पूरे छत्तीसगढ़ में हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सूरजपुर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण में जिला पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 97 प्रतिशत कार्ड निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत पिछले दो माह में 9 हजार 99 आयुष्मान कार्ड और 1 हजार 499 वय वंदना कार्ड बनाए गए हैं।

- दो माह में बने 9 हजार 99 आयुष्मान कार्ड और 1हजार 499 वय वंदना कार्ड



जिले में अब तक कुल 7,67,516 आयुष्मान कार्ड तथा 16,365 वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों और मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों का परिणाम है। अभियान के माध्यम से पात्र परिवारों को स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के वय वंदना कार्ड बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न हितग्राहीमूलक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित पात्र परिवारों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। साथ ही 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे पात्रतानुसार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर रेना जमील ने जिले के उन सभी पात्र हितग्राहियों से कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है, वे जल्द से जल्द अपने परिवार के सदस्यों का कार्ड संबंधित स्वास्थ्य केंद्र या अधिकृत कार्ड निर्माण केंद्र में बनवाएं। उन्होंने अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया है।

दशहरा उत्सव और रावण दहन की तैयारियों में जुटी सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर सेवा समिति की बैठक शनिवार को नगर पालिका परिषद के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, आवश्यक व्यवस्था तथा सदस्यों के बीच कार्य विभाजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दशहरा उत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं में आपसी समन्वय बनाए रखने तथा सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समिति द्वारा तैयारियों की समीक्षा करने और कार्य विभाजन को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आगामी बैठक 18 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था को समय पर पूरा करने पर भी चर्चा हुई।

प्रबंधन ने छात्रावास अधीक्षक को किया निलंबित

हॉस्टल में नाबालिग छात्र की मौत, अभाविप ने किया विद्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

हॉस्टल में करंट की चपेट में आकर नाबालिग छात्र की हुई मौत पर अभाविप ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्कूल का घेराव कर दिया। इस दौरान अभाविप ने विद्यालय एवं हॉस्टल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते की। अभाविप ने मृत छात्र के परिजन को मुआवजा समेत जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। विद्यालय प्रबंधन के लिखित आश्वासन एवं प्रशासन के समझाइश के बाद अभाविप ने विद्यालय का घेराव खत्म किया।

विदित हो कि शनिवार की रात जशपुर जिले के ग्राम तमता निवासी 15 वर्षीय छात्र आशुतोष आ. विकास की ग्राम सुर सहित केन मेमोरियल स्कूल द्वारा संचालित हॉस्टल में करंट लगने से मौत हो गई थी। आशुतोष कक्षा आठवीं का छात्र था और हॉस्टल में रहकर केन मेमोरियल स्कूल में पढ़ाई करता था। घटना की रात छात्र हॉस्टल में रूम का दरवाजा खोल रहा था तभी वह दरवाजे में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गया था। देर रात उसे हॉस्टल प्रबंधन हॉस्पिटल लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया।नाबालिग छात्र की मौत के पीछे हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही एवं अव्यवस्था को माना जा रहा है। देर तक हॉस्टल में हुई इस घटना के लिए प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए अभाविप ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप विद्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान नाबालिग छात्र की मौत के लिए विद्यालय एवं हॉस्टल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए अभाविप ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद पुलिस एवं केन मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य ने उन्हें समझाने की काफी कोशिश की पर अभाविप अपनी मांग पर अड़ा हुआ था। उनकी मांग थी कि मृत छात्र के घरवालों को विद्यालय प्रबंधन एवं शासन प्रशासन द्वारा मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा छात्रावास अधीक्षक को तत्काल निलंबित करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की जाए एवं जांच में दोषी पाए जाने वालों पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाये। अभाविप द्वारा रखी गई मांगो के बाद स्कूल के प्राचार्य बी तिर्की ने तत्काल छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही प्राचार्य ने पीड़ति परिवार को यथोचित सहायता राशि एवं जांच में सहयोग करने का लिखित आश्वासन दिया। अभाविप ने मौके पर पहुंचे नायाब तहसीलदार को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपते हुए घेराव समाप्त किया।



14 से 16 तक विकासखंडों में लगेंगे विशेष आधार शिविर

बलरामपुर। शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में आधार संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड स्तर पर विशेष आधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। चिप्स के सहयोग से यह शिविर 14 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यालय बलरामपुर, 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ तथा 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत कार्यालय कुसमी में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगेंगे। इनमें नया आधार पंजीयन होने के साथ ही पंजीकृत आधार की त्रुटियों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जिलेवासियों से शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के समय में आधार प्रत्येक नागरिक की अनिवार्य पहचान बन चुका है और केंद्र एवं राज्य शासन की लगभग सभी योजनाओं का लाभ इसी के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुंचता है। किसानों के एग्रीस्टैक पंजीयन, विद्यार्थियों की अपार आईडी और पैन कार्ड से लेकर बैंक खातों की लिंकिंग तक, हर आवश्यक प्रक्रिया आधार से जुड़ी है। ऐसे में आधार में छोटी-सी त्रुटि भी पात्र व्यक्ति को उसके अधिकार से वंचित कर सकती है। कलेक्टर ने कहा कि जिनका आधार अब तक नहीं बना है या जिनके आधार में कोई गड़बड़ी है, वे अपने विकासखंड के शिविर में अवश्य पहुंचें।

पेज 1 का शेष

लूथरन स्कूल में बाल ...

1098 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के महत्व तथा मोबाइल फोन के सदुपयोग और दुरुपयोग से होने वाले प्रभावों पर भी चर्चा की गई। बच्चों को मोबाइल का सही उपयोग करने, नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने और गलत संगति एवं बहकावे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के परिणामस्वरूप बच्चों में बाल अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, मानव तस्करी एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। बच्चों ने दूसरों के बहकावे में न आने, अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने, शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा जीवन में सही निर्णय लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें सुरक्षित, शिक्षित तथा आत्मनिर्भर भविष्य की ओर प्रेरित किए।



सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!

लाइफ Style

श्रेया

सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।



हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।



पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे



हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं'। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।

दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।



देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। *नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।*

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

खबर संक्षेप

शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

घरघोड़ा। डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलाईपल्ली में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार, अनुशासन और सर्वांगीण विकास का अर्धवार्षिक मूल्यांकन करना था। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं उनकी उपलब्धियों पर सकारात्मक विचार विमर्श किए। कार्यक्रम के दौरान पालकों से प्रतिपुष्टि लिया गया। अभिभावकों ने सकारात्मक सुझाव दिए। अंत में विद्यालय प्रमुख ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को उपचारात्मक शिक्षण व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया एवं साथ ही शिक्षकों को बच्चों की व्यक्तिगत क्षमता देखते हुए अनेक शिक्षण विधियों को अधिक से अधिक क्रियान्वयन करने की सलाह दी।

छग कर्मचारी संघ के वेद बने जिला महामंत्री

घरघोड़ा। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के वेद प्रकाश अजगल्ले को जिला शाखा महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। वेद उप संचालक कृषि विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत हैं एवं संगठनात्मक कार्यों का अनुभव है। लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी बहुत अच्छी तरह निभाई है।



श्रमिक माधुरी को मिली 20 हजार की सहायता

रायगढ़। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से ग्राम संगीतराई की श्रमिक माधुरी महंत को बेटी की पढ़ाई के लिए 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली है। सीमित आय के कारण बेटी की शिक्षा का खर्च उठाने में होने वाली परेशानी अब कम हुई है और वे बेटी का भविष्य संवारने को लेकर अधिक आश्वस्त हैं। माधुरी महंत ने बताया कि वे श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक हैं और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ बेटी की पढ़ाई का खर्च उठाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। इसी दौरान उन्हें श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना की जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया और पात्रता के अनुसार उन्हें 20 हजार रुपए की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्राप्त हुई।

कोसीर में चला स्वच्छता अभियान, किया पौधरोपण

सारंगढ़। ग्राम कोसीर में जल संसाधन विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ानाए पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया। सभी ने हाथों में झाड़ू लेकर सार्वजनिक स्थलों की साफ.सफाई की तथा ग्रामीणों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

ट्रैक्टर की टक्कर से मौत, पति-बेटी गंभीर

रायगढ़। नवरात्रि में पूजा-अर्चना के लिए निकले एक परिवार की खुशियां सड़क हादसे में मातम में बदल गईं। जिले के ग्राम आमापाली-अमरैया मुख्य मार्ग पर लाल रंग के बिना नंबर वाले महिंद्रा ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बहिरकेला निवासी बसंत कुंवर राठिया अपने पति नरोत्तम राठिया और बेटी हेमा राठिया के साथ रविवार को नवरात्रि पूजा में शामिल होने ग्राम बटूराकछार जा रही थीं। परिवार सुबह करीब 10:30 बजे बाइक से घर से निकला था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 11 बजे जब परिवार की मोटरसाइकिल ग्राम आमापाली-अमरैया मुख्य मार्ग से गुजर रही थी।

महतारी वंदन, आवास, उज्ज्वला सहित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में सुशासन जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सेवा सेतु अभियान अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसंपर्क विभाग जशपुर की ओर से रणजीता स्टेडियम के समीप जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा के साथ सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को साकार करने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने किया।

स्टॉल के माध्यम से केंद्र और राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित विभिन्न योजनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों और जिले में विकास को गति देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी दर्शाया गया है। स्टॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित आशीर्वाद के दीये कार्यक्रम की झलक भी प्रस्तुत की गई है। इसके माध्यम से जनभागीदारी, सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना का संदेश दिया जा रहा है। आकर्षक प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को शासन की योजनाओं, उनके उद्देश्यों और आमजन के जीवन में उनके प्रभाव से अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद सुधीर पाठक, देवधन नायक एवं प्रेमलता साहू तथा मनोनीत पार्षद राधेश्याम निराला और ओमप्रकाश नायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सेवा सेतु शिविरों और आजीविका संवर्धन के प्रयासों का प्रदर्शन

स्टॉल में सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों तक शासकीय सेवाएं पहुंचाने और उनकी समस्याओं के निराकरण से जुड़े प्रयासों को भी स्थान दिया गया। पेंशन, राशन, आयुष्मान कार्ड, आधार और श्रम कार्ड से संबंधित आवेदनों के निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को सामग्री वितरण की जानकारी दी गई। जल संरक्षण और ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने से संबंधित गतिविधियों के साथ 'सेवा मेरा योगदान' के अंतर्गत आयोजित बैंक ऋण मेलों को भी प्रदर्शित किया गया। स्व-सहायता समूहों और पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए मुद्रा ऋण सहित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के प्रयासों के माध्यम से आजीविका संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों को रेखांकित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जशपुर वनमंडल की एक पेड़ मां के नाम पहल को भी प्रदर्शित किया गया। इस प्रकार स्टॉल में जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सशक्तीकरण, रोजगार, ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को एक ही स्थान पर प्रस्तुत किया गया।

विद्यार्थियों ने जाना योजनाओं और सेवा कार्यों का महत्व

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्टॉल का अवलोकन कर विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवा गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान शासकीय पत्रिका जनमन भी विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र रही। पत्रिका में शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सामग्री उपलब्ध है। इस अवसर पर पत्रकारगण, जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर की सहायक संचालक नूतन सिदार, सहायक जनसंपर्क अधिकारी राहुल बघेल, रविन्द्र चौधरी, सहायक ग्रेट 2 विनोद यादव सहित विभाग के अन्य कर्मचारी हेमंत प्रसाद, अशोक कुजूर, अभिलेख भगत, अभिषेक सिंह और भूपाल सिदार उपस्थित रहे।

महिला सशक्तीकरण से ग्रामीण परिवहन तक विकास की तस्वीर

स्टॉल में महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिल रही आर्थिक सहायता और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे पक्के मकानों की जानकारी प्रदर्शित की गई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा हितग्राहियों को मिल रहे लाभों को भी दर्शाया गया। महिला सशक्तीकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए घोलेंग में संचालित टेक्सटाइल प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहा। यहां स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आदित्य बिड़ला समूह के सहयोग से हैंडलूम, शॉल और साड़ी निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन और बिहान के संयुक्त प्रयासों से महिलाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत संचालित बस सेवाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। जिले के 16 मार्गों पर संचालित बस सेवाओं से ग्रामीणों को बाजार, शैक्षणिक संस्थानों और मुख्यालय तक पहुंचने में मिल रही सुविधा को रेखांकित किया गया।



ई-ऑफिस के माध्यम से ही करें विभागीय कार्य, कलेक्टर ने दिए निर्देश

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से ही विभागीय कार्यों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड स्तर पर भी ई-ऑफिस व्यवस्था लागू कर नियमित संचालन करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उचित मूल्य दुकानों में चावल के भंडारण और हितग्राहियों को वितरण की जानकारी ली।

- मनोरा महाविद्यालय निर्माण में देरी पर कलेक्टर सख्त, ठेका निरस्त करने निर्देशप्रभावी ढंग से लागू करने के दिए निर्देश

उन्होंने सभी राशन कार्डधारियों को प्रत्येक माह निर्धारित समय पर राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री की घोषणाओं तथा कलेक्टर जनदर्शन से प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने विभिन्न विकासखंडों में स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें में कंवर समाज भवन, पुलिया, रंगमंच, सामुदायिक भवन और सीसी रोड निर्माण सहित दोकड़ा में मिनी स्टेडियम का निर्माण शामिल है। इसके अलावा दुलदुला विकासखंड एवं बंदरचुंआ में बस स्टैंड निर्माण, कुनकुरी में ऑडिटोरियम और सांस्कृतिक भवन सहित अन्य स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मनोरा विकासखंड में शासकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जशपुर के कार्यपालन अभियंता को संबंधित एजेंसी का ठेका निरस्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने और कार्य में अनावश्यक विलंब नहीं होने देने को कहा। बैठक में सेतु विभाग के एसडीओ बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। इस कारण विभागीय कार्यों की समीक्षा नहीं हो सकी। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने की अमृत मिशन 2.0 के कार्यों की समीक्षा



जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अमृत मिशन 2.0 के तहत जशपुर और कुनकुरी नगरीय क्षेत्रों में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। केंद्र सरकार की प्रमुख योजना अमृत मिशन 2.0 के तहत जशपुर और कुनकुरी नगरीय क्षेत्रों में जल आपूर्ति व्यवस्था के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 130.26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। कलेक्टर ने स्वीकृत सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जशपुर में 86.99 करोड़ रुपये से होंगे कार्य- नगरपालिका जशपुर के अधिकारियों ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अमृत मिशन 2.0 के तहत लगभग 86.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अंतर्गत 5 ओवरहेड टैंक, एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण और 102 किलोमीटर पाइपलाइन का विस्तार सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यादेश जारी हो चुका है और सर्वे का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे।

कुनकुरी में 43.27 करोड़ रुपये से बढ़ेगी जल आपूर्ति क्षमता- इसी तरह कुनकुरी नगर पंचायत में जल आपूर्ति व्यवस्था के विस्तार के लिए इस योजना के तहत लगभग 43.27 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। योजना के तहत 50 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन का विस्तार, 940 किलोलीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक का निर्माण और फिल्टर प्लांट की स्थापना सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। बैठक में नगरपालिका जशपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय सहित नगरपालिका जशपुर एवं नगर पंचायत कुनकुरी के अधिकारी उपस्थित थे।

श्री नारायण जनकल्याण समिति के गरबा महोत्सव की तैयारियां तेज

जशपुरनगर। श्री नारायण जनकल्याण समिति की ओर से आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। महोत्सव के लिए अब तक लगभग 700 प्रतिभागियों ने पंजीयन करा लिया है और सभी प्रतिभागियों का गरबा प्रशिक्षण एवं अभ्यास निरंतर जारी है। समिति द्वारा मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ 16 अक्टूबर से किया जाएगा, जिसके लिए प्रतिभागियों को गरबा नृत्य का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ गरबा अभ्यास शुभारंभ- इसी क्रम में प्रशिक्षण के प्रथम व द्वितीय दिवस दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस प्रायोजक साकेत जैन, अरिहंत जैन एवं होमी जैन द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया, जबकि द्वितीय दिवस प्रायोजक नमन जैन, वरुण जैन, प्रतीक जैन और अजय कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर माता रानी की पूजा अर्चना की और मंत्रोच्चार के साथ गरबा अभ्यास का शुभारंभ हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया गया, जो गुप्ता बुक डिपो और लक्ष्मी शॉप की ओर से प्रदान किए गए।





उत्सव को यादगार बनाने प्रतिदिन के लिए ड्रेस कोड निर्धारित- नवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाले गरबा उत्सव को इस बार और अधिक रंगीन और यादगार बनाने के लिए समिति द्वारा प्रतिदिन के लिए विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। जारी ड्रेस कोड के अनुसार प्रथमा के दिन ऑरेंज, द्वितीया पर लाल, तृतीया पर आसमानी और चतुर्थी पर गुलाबी रंग की वेशभूषा पहननी होगी, वहीं पंचमी को साऊथ इंडियन थीम के तहत सफेद या क्रीम, षष्ठी को बंगाली परिधान, सप्तमी को गुजराती मिक्स, अष्टमी को राजस्थानी पोशाक और नवमी के दिन फैंसी ड्रेस में गरबा करने का आह्वान किया गया है। समिति द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को मुख्य गरबा महोत्सव के लिए तैयार करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है और 16 तारीख से शुरू होने वाले मुख्य आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

सीएम कार्यालय बगिया की त्वरित पहल से लकवा पीड़ितों को मिला सहारा

हीलचेयर मिलने से चलने-फिरने में असमर्थ दोनों बुजुर्गों को मिली राहत



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सीएम कैंप कार्यालय बगिया में जरूरतमंदों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को लकवा पीड़ित दो जरूरतमंदों को तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर उन्हें राहत पहुंचाई गई।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बतनीडांड निवासी गुलो बाई, पति रुइया राम, उम्र 50 वर्ष तथा ग्राम तामासिंघा निवासी शिवचरण मिंज, पिता गिरवेल मिंज, उम्र 86 वर्ष मंगलवार को सीएम कैंप कार्यालय बगिया पहुंचे थे। दोनों ने लकवाग्रस्त होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थता जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की मांग की थी। समस्या को गंभीरता लेते हुए सीएम कैंप कार्यालय बगिया ने त्वरित पहल करते हुए दोनों जरूरतमंदों को व्हीलचेयर प्रदान की। व्हीलचेयर मिलने से उन्हें आवागमन में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। तत्काल सहायता मिलने पर गुलो बाई एवं शिवचरण मिंज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

जरूरतमंदों के लिए आशा का केंद्र बना बगिया कैंप कार्यालय

सीएम कैंप कार्यालय बगिया में प्रतिदिन ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं और जरूरतों को लेकर पहुंचते हैं। यहां प्राप्त आवेदनों पर पहल करते हुए जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों से लेकर दिव्यांग एवं असहाय लोगों की आवश्यकताओं तक, कैंप कार्यालय के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाने की पहल की जा रही है।व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की यह पहल जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिलने का उदाहरण है। इससे उन लोगों को राहत मिली है, जिन्हें शारीरिक असमर्थता के कारण रोजमर्रा के कार्यों और आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

जिपं सदस्य गेंदबिहारी को लेकर फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोश

जशपुरनगर। जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। इस टिप्पणी को लेकर बगीचा पंडरापाठ सन्ना क्षेत्र समेत जिले भर में नाराजगी देखी जा रही है। मामले ने अब सामाजिक स्तर पर भी तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। इस मामले में बगीचा थाने में शिकायत कर तीन दिन के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की गई है। 'जशपुर जनदर्शन' नाम की आईडी से गेंदबिहारी के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी-फेसबुक पर 'जशपुर जनदर्शन' नाम की आईडी से जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप है। जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह संत गहिरा गुरु के सुपुत्र हैं। इस मामले को लेकर संत समाज और सनातन समाज के लोगों में भी आक्रोश व्याप्त है।

- बगीचा थाने में की गई मामले की शिकायत



व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग

मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य गेंदबिहारी सिंह ने समर्थकों के साथ बगीचा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में संबंधित फेसबुक आईडी की जांच कर टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।गेंदबिहारी सिंह के समर्थकों का कहना है कि पुलिस मामले की जल्द जांच कर तीन दिनों के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी करे। यदि निर्धारित समय के भीतर कार्रवाई नहीं होती है, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।अब देखना होगा कि पुलिस जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

---

300 महिलाओं और बच्चों ने गरबा-डांडिया से बांधा समां

निःशुल्क गरबा महोत्सव के दूसरे दिन संगम चौक में उमड़ा जनसैलाब





जशपुरनगर। नवरात्र के दूसरे दिन संगम चौक, दरबारी टोली में आयोजित निःशुल्क गरबा महोत्सव में उत्साह और उमंग का ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। मां दुर्गा की आराधना, पारंपरिक गरबा और डांडिया की धुन पर लगभग 300 महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूरे परिसर को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

संगम सेवा दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस वर्ष पहली बार निःशुल्क गरबा महोत्सव की शुरुआत की गई है। आयोजन के शुरुआती दिनों में ही जिस तरह से महिलाओं, बच्चों व युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है, उसने समिति के सदस्यों का उत्साह दोगुना कर दिया है। प्रतिदिन नए प्रतिभागियों का जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि यह पहल लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

भक्ति के साथ संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल- समिति का उद्देश्य केवल गरबा आयोजित करना नहीं, बल्कि नवरात्र के पावन अवसर पर पारंपरिक संस्कृति को प्रोत्साहित करना, महिलाओं एवं बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना और समाज में एकता व सहभागिता की भावना को मजबूत करना है। निशुल्क प्रशिक्षण एवं आयोजन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस सांस्कृतिक उत्सव से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कार

गरबा महोत्सव को और अधिक रोचक बनाने के लिए प्रतिदिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जा रहा है। इससे प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और वे पूरे जोश के साथ गरबा एवं डांडिया में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

पारंपरिक नृत्य की मनमोहक छंटा

संगम चौक में सजे इस आस्था और संस्कृति के मंच पर मां दुर्गा की भक्ति के साथ पारंपरिक नृत्य की मनमोहक छटा देखने को मिल रही है। पहले ही वर्ष में मिल रहा लोगों का अपार समर्थन समिति की इस पहल को नई पहचान दे रहा है।संगम चौक का गरबा महोत्सव अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, संस्कृति, सामाजिक एकता और सामूहिक उत्साह का उत्सव बनता जा रहा है। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस सांस्कृतिक पहल को सफल बनाने की अपील की है।

